हिन्दुस्तान

# निवेश में सरकारी सहायता का भरोसा

लखनऊ। उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सहयोग करेंगे। भारतीय दूतावासों की वेबसाइटों पर प्रदेश के निर्यातकों और हाई नेटवर्क उद्यमियों का ब्योरा भी प्रदर्शित होगा। औद्योगिक विकास एवं इन्वेस्ट यूपी के सचिव और सीईओ अभिषेक प्रकाश ने पहल की है।

अभिषेक प्रकाश ने उद्योग जगत को निवेश में सुविधा और शिकायतों के निवारण में सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने उद्योग संगठन एसोचैम और आईएफएस अधिकारियों को बुधवार को सम्बोधित किया।